माटी की सेवारून्यूयॉर्क के निखिल की पहल पर जोधपुर में ऑक्सीजन ऑन व्हील सेवा शुरू की

करोना काल मेंए ए मई २०२१ मेंए न्यूयॉर्क में रह रहे जोधपुर के निखिल मेहता की पहल पर जोधपुर में ऑक्सीजन ऑन व्हील की सेवा शुरू की गई थी । इसके तहत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने पर जरूरतमंदों को ऑक्सीजन उपलब्ध करवाई गई । तब निखिल मेहता 11वीं के छात्र थे। सहयोग के लिए जयपुर फुट यूएसए संस्था भी आगे आई। इसका पूरा खर्च निखिल की संस्था ब्लॉसम चैरिटी ने उठाया। इस मिनी बस में चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाए गए हैं।

24 घंटे में तैयार हुआ प्रोजेक्ट

ऑक्सीजन ऑन व्हील की सारी तैयारी 24 घंटे में पूरी की गई। जिसमें वडेर चेरिटेबल ट्रस्ट के पदम वडेर व एडिशनल एसपी चैनसिंह महेचा का विशेष सहयोग रहा। इसके माध्यम से राजस्थान के दूरदराज इलाकों में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए जयपुर फुट यूएसए की ओर से आभार जताया गया।